# Hindi Worksheet - Class- VIII

## Summative Assessment - II March-2012

## International School, Riyadh

### प्र० - ३०

प्रश्न (1) कहानी में 'मोटे-मोटे किस काम के हैं?' किन के बारे में और क्यों कहा गया?

2) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?

3) "या तो बच्चाराज कायम कर लो या मुझे ही रख लो।" अम्मा ने कब कहा? और इसका परिणाम क्या हुआ?

4) 'कामचोर' कहानी क्या संदेश देती है?

5) "उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं, कोई न कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं"--- आपके विचार से लेखक 'जंजीरों' द्वारा किन समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है?

6) 'साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं?

7) प्रारंभ में इस आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई?

8) जब पहली बोलती फ़िल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन-कौन से वाक्य छापे गए? उस फ़िल्म में कितने चेहरे थे? स्पष्ट कीजिए।

9) पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फ़िल्मकार अर्देशिर एम० ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली? उन्होंने आलम आरा फ़िल्म के लिए आधार कहाँ से लिया? विचार व्यक्त कीजिए।

10) पहली सवाक् फ़िल्म के निर्माता-निर्देशक अर्देशिर को जब सम्मानित किया गया तब सम्मानकर्ताओं ने उनके लिए क्या कहा था? अर्देशिर ने क्या कहा? और इस प्रसंग पर लेखक ने क्या टिप्पणी की है? लिखिए

11) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या

P.T.O

मनोदशा हुई ? अपने शब्दों में लिखिए । 9

12) "पानी परात को हाथ छुयो नाहिं, नैनन के जल सों पग धोए" पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

13) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या-क्या सोचते जा रहे थे ? वह कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे ? सुदामा के मन की दुविधा लिखिए।

14) अपने गाँव से लौटकर जब सुदामा अपनी झोंपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

15) "लाला ने लोटा ले लिया, बोले कुछ नहीं, अपनी पत्नी का अदब मानते थे।" लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था, फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया, आपके विचार से वे चुप क्यों रहे ? अपने विचार लिखिए ।

16) "लाला झाऊलाल जी ने फ़ौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।" आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन-कौन सी बातें समझ ली होंगी ?

17) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ?

18) बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए ?

19) श्रीकृष्ण, अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे ?

20) मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा-सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं ?

21) घायल होने के बाद भी बाज़ ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है"। विचार प्रकट कीजिए ।

22) बाज़ जिन्दगी भर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था ?

23) साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था । फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की ?

24) बाज़ के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था ?

25) घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा ?

26) गवरइया और गवरा के बीच किस बात पर बहस हुई और गवरइया को अपनी इच्छा पूरी करने का अवसर कैसे मिला ?

27) टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस-किस के पास गई ? टोपी बनने तक के एक-एक कार्य को लिखें।

28) गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुँदने क्यों जड़ दिए ?

P.T.O

Std. VIII

व्याकरण :-

विलोम शब्द

प्रश्न1
1. साधारण X 2. हर्ष X 3. हानि X
4. शकुन X 5. स्थिर X 6. हित X
7. हँसना X 8. ह्रास X 9. ह्रस्व X 10. हेय X

प्रश्न2 वाक्यांश के लिए एक शब्द :-

1. सबको समान देखने वाला —
2. नीति को जानने वाला —
3. जिसका वर्णन न हो सके —
4. जो कुछ जानने की इच्छा रखता है —
5. वह पहाड़ जिससे आग निकलती है —
6. जो बहुत रूप धारण करता हो। —
7. जिसका कोई अर्थ न हो —
8. जो सदा बदलता रहे —
9. जो नष्ट होने वाला हो —
10. जो परीक्षा में उत्तीर्ण न हो —

प्रश्न3 पर्यायवाची शब्द :-

1. सुन्दर --- ---
2. सेवक --- ---
3. मदिरा --- ---
4. पृथ्वी
5. अतिथि --- ---
6. अंधकार --- ---
7. इच्छा --- ---
8. कान -- --
9. धनुष -- --
10. पक्षी -- --

P.T.O

प्रश्न 4 तद्भव - तत्सम

तद्भव शब्द -- तत्सम शब्द

| तद्भव शब्द | तत्सम शब्द |
| --- | --- |
| 1. अम्मा | |
| 2- अंधा | |
| 3. ईंट | |
| 4. काम | |
| 5. काठ | |
| 6. किवाड़ | |
| 7. कुआँ | |
| 8. चाम | |
| 9. चाँद | |
| 10. जीभ | |

प्रश्न5 समुच्चयबोधक और विस्मयादिबोधक की परिभाषा दो-दो उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न6 1-कारक की परिभाषा उदाहरण सहित तथा उसके भेद लिखिए

2- वाक्यों में कारक रेखांकित करके उसके भेद लिखो।
1. बच्चो ! सदा सच बोलो ( )
2. माली ने पौधों को पानी दिया। ( )
3. छत से बच्चा गिरा ( )
4. मेरे पास कुछ खाने के लिए नहीं है ( )

प्रश्न7 पत्र:- पिताजी को पत्र:- 'रुपए मँगवाने के लिए'।

प्रश्न8 अनुच्छेद:- 'सत्संगति'

प्रश्न9 अपठित गद्यांश और अपठित पद्यांश

प्रश्न परियोजना कार्य।

P.T.O

Prepared by
(VII VIII) Girls